प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
06.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

भाजपा दिवस– प्रधानमंत्री

भारतीय जनता पार्टी का आज 47वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर देश व प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। अपने वीडियो संदेश में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह दिन राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए पार्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर भाजपा के संस्थापकों, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीन दयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख, कुशाभाऊ ठाकरे, अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को भी याद किया। उन्होंने पार्टी के लिए दिन–रात काम करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के योगदान को भी सराहा।

....

सौदान सिंह

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने आज मण्डी के सैन मोहल्ला में आयोजित भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि राष्ट्रनिर्माण का संकल्प है। सौदान सिंह ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी और आज करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम व समर्पण से ये दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा अंत्योदय के सिद्वांत पर चलती है और अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक विकास पहुंचाना पार्टी का लक्ष्य है। सौदान सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व सपना देख है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास मंत्र के साथ देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन और पीएम आवास जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बल्ह विधानसभा क्षेत्र के बेहल में स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण को संगठन की सबसे बड़ी ताकत बताया।

....

बस सेवा

शिलाई से शिमला के लिए राज्य पथ परिवहन निगम की सीधी बस सेवा शुरू हो गई है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज शिलाई में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने शिलाई से कफोटा तक यात्रियों के साथ बस में यात्रा की। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा के शुरू होने से लोगों की पिछले लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि शिमला

के अलावा अन्य प्रमुख स्थानों के लिए भी शिलाई से राज्य पथ परिवहन निगम की सीधी बसें चलाई जाएंगी।

....

एम्बुलेंस

प्रदेश में 108 और 102 एम्बुलेंस कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर बीती रात से हड़ताल पर चले गए हैं। इन कर्मचारियों ने आज राज्य सचिवालय शिमला के बाहर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एम्बुलेंस कर्मचारी युनियन के महासचिव बालक राम ने बताया कि इस पांच दिवसीय हड़ताल में प्रदेश में लगभग 12 सौ कर्मचारी शामिल है। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य मांगों में काम से हटाए गए कर्मचारियों की बहाली, न्यूनतम वेतन लागू करना और उनके हित में अदालत द्वारा दिए गए आदेश को लागू करना है। बालक राम ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक एम्बुलेंस कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल जारी रहेगी।

....

पीएम सूर्य घर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए शिमला जिले की मैहली ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आज शिमला में एक बैठक में बताया कि मैहली पंचायत को मॉडल सोलर विलेज के रूप में तैयार किया जाएगा और योजना के पहले चरण में 10 गांवों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत मैहली पंचायत में सभी औपचारिकताएं पूरी की गई हैं और इसे एक करोड़ रूपए का पुरूस्कार दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अभी तक 6 सौ 57 आवेदन प्राप्त हुए हैं और इनमें से 2 सौ 31 का इंस्टॉलेशन कार्य पूरा कर लिया गया है।

....